अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से प्राप्त मेडिकल रपट में खुलासा

स्वाति मालीवाल के बाएं पैर और दाहिने गाल पर चोट के निशान

आप ने भयादोहन का लगाया आरोप; भाजपा ने कहा, आप महिला विरोधी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 मई।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में गत शुक्रवार को मालीवाल की चिकित्सकीय जांच की गई थी। 'मेडिको-लीगल सर्टिफिकेट' (एमएलसी) के अनुसार, मालीवाल के बाएं पैर के पिछले हिस्से में और दाईं आंख के नीचे गाल पर चोट के निशान हैं।

कुछ जांच के नमूनों की रपट आनी बाकी है, जिससे चोट की गंभीरता का पता चलेगा। इस मामले में स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को तीस हजारी अदालत में मजिस्ट्रेट के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया था। मालीवाल ने आरोप लगाया है कि 13 मई को जब वह मुख्यमंत्री से मिलने गई थीं, तब बिभव कुमार ने उन पर पूरी ताकत से प्रहार किया, उन्हें थप्पड़ मारा और लात-घूसों से पिटाई की।

उधर, बिभव कुमार की ओर से दिल्ली की एक अदालत में शनिवार को अग्रिम जमानत की अर्जी दायर की गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील अनुज त्यागी की अदालत ने कहा कि बिभव की अग्रिम जमानत अर्जी अब निरर्थक हो गई है, क्योंकि उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 मई।

सांसद स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर पिछले दिनों हुए मारपीट और बदसलूकी के मामले में आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच शनिवार को जुबानी जंग तेज हो गई है। आप नेता आतिशी ने शनिवार को दावा किया कि उनकी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल अवैध भर्ती मामले में गिरफ्तारी का सामना कर रही हैं और उन्हें भारतीय जनता पार्टी ने भयादोहन (ब्लैकमेल) कर मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ साजिश का हिस्सा बनाया। यही कारण है कि मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार पर मारपीट का आरोप लगाया है।

वहीं, भाजपा ने आप पर स्वाति मालीवाल हमला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार के बचाव में पीड़िता को शर्मसार करने और उन्हें ही दोषी ठहराने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि केजरीवाल अपने सहयोगी कुमार को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। कुमार उनके रहस्यों को उजागर कर उन्हें बेनकाब कर सकते हैं। पार्टी पर कटाक्ष करते हुए, पूनावाला ने संवाददाताओं से कहा कि आम आदमी पार्टी मूल रूप से महिला विरोधी पार्टी है।

> *मारपीट* और बदसलूकी के मामले में आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच जुबानी जंग तेज।

इसके साथ ही उन्होंने पार्टी नेताओं पर महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने के पिछले आरोपों का जिक्र किया। मालीवाल पर भाजपा के इशारे पर काम करने के आप के दावे पर पूनावाला ने पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि पार्टी की एक अन्य नेता और दिल्ली महिला आयोग की सदस्य वंदना सिंह भी राज्यसभा सदस्य का समर्थन कर रही हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा आम आदमी पार्टी की आलोचना का जिक्र करते हुये पूछा कि क्या लोकसभा सदस्य चौधरी भी भाजपा के एजेंट बन गए हैं।

जांच के लिए मुख्यमंत्री आवास ले जाए जा सकते हैं बिभव

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 मई।

दिल्ली पुलिस जांच के लिए बिभव कुमार को रविवार को मुख्यमंत्री आवास ले जा सकती है। उनसे मौके पर पूछताछ की जाएगी।

अधिकारियों के मुताबिक, शनिवार को गिरफ्तारी के बाद बिभव कुमार से पूछा गया कि वे आज सुबह मुख्यमंत्री आवास क्यों गए थे। अधिकारियों के मुताबिक, ऐसा संदेह है कि वे सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने गए होंगे। अधिकारियों ने कहा, जैसे ही हमें शनिवार सुबह सीएम आवास पर कुमार की मौजूदगी के बारे में पता चला, स्थानीय पुलिस स्टेशन की एक टीम उन्हें पकड़ने के लिए भेजी गई।

हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने कुमार से पूछा है कि गुरुवार को सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ एफआइआर दर्ज करने के समय वह कहां थे। पुलिस को संदेह है कि वे पंजाब में थे, क्योंकि उसका मोबाइल फोन पहुंच से बाहर था। अधिकारियों ने बताया कि कुमार से 13 मई की घटनाओं के बारे में कई बार पूछा गया है। उनके मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए हैं। उन्होंने चैट और अन्य सामग्री हटा दी है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि उनसे यह भी पूछताछ की गई कि 13 मई को सुबह नौ बजे जब मालीवाल सीएम आवास पर पहुंचीं तो वह क्या कर रहे थे। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने उनसे घटना के दिन केजरीवाल के घर पर मौजूदगी के बारे में भी सवाल पूछे।

दूसरी ओर, कुमार ने पुलिस में अपनी जवाबी शिकायत में कहा है कि मालीवाल बिना समय लिए केजरीवाल के घर में घुस गईं। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

केजरीवाल के आवास पर पहुंची पुलिस।

> *अधिकारियों* के मुताबिक, शनिवार को गिरफ्तारी के बाद बिभव कुमार से पूछा गया कि वे आज सुबह मुख्यमंत्री आवास क्यों गए थे।
> *एक* अधिकारी ने कहा कि सीएम आवास के जिस ड्राइंग रूम में मालीवाल पर कथित हमला हुआ, वहां कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा था।

दिल्ली पुलिस ने आठ सीसीटीवी कैमरों से फुटेज और सीएम आवास से डीवीआर एकत्र किए हैं। एक अधिकारी ने कहा कि सीएम आवास के जिस ड्राइंग रूम में मालीवाल पर कथित हमला हुआ, वहां कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा था।

खबर कोना

अभिनेता गुरुचरण सिंह 24 दिन बाद लौटे घर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 मई।

टीवी धारावाहिक तारक मेहता का उल्टा चश्मा में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाने वाले लापता अभिनेता गुरुचरण सिंह 24 दिन के बाद शुक्रवार को अपने घर लौट आए। अधिकारियों ने बताया कि सिंह आध्यात्मिक यात्रा पर गए थे और इस दौरान वह पंजाब के कई गुरुद्वारों एवं धार्मिक स्थलों में गए। अधिकारी ने बताया कि वह शुक्रवार सुबह घर लौट आए।

तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से दो की मौत

नई दिल्ली, 18 मई (संवाददाता)।

हरिद्वार से दिल्ली स्थित अपने घर लौट रहे दो मोटरसाइकिल सवार युवकों को एक तेज रफ्तार ट्रक ने कश्मीरी गेट इलाके में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौत मौके पर ही हो गई। मृतकों की पहचान पीयूष और अंकुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक बुलंदशहर निवासी केहर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त मनोज कुमार मीणा ने बताया कि हादसा जमुना बाजार के पास हुआ था।

पता नहीं प्रधानमंत्री हम लोगों के पीछे क्यों पड़े हैं : केजरीवाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 मई।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पश्चिमी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के 'आप' प्रत्याशी महाबल मिश्रा के समर्थन में नुक्कड़ सभाएं की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी छोटी सी पार्टी है। ये लोग तो बहुत बड़े हैं, प्रधानमंत्री तो बहुत बड़े हैं। ये हम लोगों के पीछे क्यों पड़े हैं ? मुझे जेल में क्यों डाला, मेरा क्या कसूर है?

केजरीवाल ने कहा कि मेरा कसूर ये है कि मैंने आपके बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा का इंतजाम किया। मैंने आपके बच्चों के लिए स्कूल बनवाए। ये लोग नहीं बनवा सकते हैं, इसलिए इन्होंने मुझे गिरफ्तार कर लिया, ताकि दिल्ली के स्कूल बंद कर दिए जाएं। मेरा कसूर ये है कि मैंने आप लोगों के इलाज के लिए जगह-जगह मोहल्ला क्लीनिक खोल दिए, अस्पताल बनवा दिए, आपके लिए मुफ्त इलाज का इंतजाम कर दिया। ये लोग ऐसा नहीं कर सकते इसलिए ये कहते हैं कि केजरीवाल के अस्पताल बंद करो, केजरीवाल को गिरफ्तार करो। उन्होंने कहा कि पहले दिल्ली में 10-10 घंटे तक लंबी बिजली कटौती होती थी।

पश्चिमी दिल्ली से 'आप' प्रत्याशी महाबल मिश्रा के समर्थन में नुक्कड़ सभा करते अरविंद केजरीवाल।

मैंने दिल्ली में 24 घंटे बिजली का इंतजाम किया, इन्होंने मुझे गिरफ्तार किया क्योंकि मैंने आपकी बिजली मुफ्त कर दी। हरिनगर और मादीपुर में नुक्कड़ सभा में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश में भाजपा की सरकार नहीं बन रही है। इससे पूरी भाजपा पूरी तरह से पागल हो गई है।

अदालत ने जैकी श्राफ के नाम और आवाज का इस्तेमाल करने से कंपनियों को रोका

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 मई।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने विभिन्न कारोबारी इकाइयों को बिना अनुमति के व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए अभिनेता जैकी श्राफ के नाम (जिसमें उनका उपनाम 'जैकी' और 'जग्गू दादा' शामिल है) और आवाज तथा उनकी तस्वीर का इस्तेमाल करने से रोक दिया है।

न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने 15 मई के एक अंतरिम आदेश में कहा कि ई-कामर्स वेबसाइटों पर वालपेपर, टी-शर्ट और पोस्टर आदि बेचने वाली और कृत्रिम मेधा (एआई) चैटबाट प्लेटफार्म का संचालन करने वाली कारोबारी इकाइयां उनकी विशेषताओं का दोहन और दुरुपयोग करके अभिनेता के व्यक्तित्व और प्रचार के अधिकार का उल्लंघन कर रही हैं। न्यायाधीश ने सामग्री सृजित करने वाले (कंटेंट क्रिएटर्स) उन दो लोगों के खिलाफ भी निर्देश पारित किया,जिन्होंने श्राफ के वीडियो को 'बेहद अभद्र शब्दों और गालियों' के साथ प्रदर्शित किया था।

अदालत ने कहा कि श्राफ एक 'सेलिब्रिटी' (मशहूर शख्सियत) हैं और यह दर्जा स्वाभाविक रूप से उन्हें उनके व्यक्तित्व और संबंधित विशेषताओं पर कुछ अधिकार प्रदान करता है। अदालत ने कहा कि वादी ने एक पक्षीय व्यादेश (इनजंक्शन) देने के लिए प्रथम दृष्टया मामला स्थापित किया है।

दिल्ली-एनसीआर में कई जगहों पर पारा 46 डिग्री पार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 मई।

दिल्ली-एनसीआर में लगातार दूसरे दिन भी लू चली। इसके 10 निगरानी केंद्रों पर पारा 45 डिग्री के पार व चार स्टेशनों पर यह 46 डिग्री या इससे भी अधिक रहा। दिल्ली का मुंगेशपुर और नजफगढ़ क्रमशः 46. 8 और 46.7 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म स्थान रहे। मौसम विभाग ने गर्मी को लेकर रविवार के लिए भी लाल चेतावनी जारी की है। लोगों को तेज धूप से बचने सहित कई परामर्श जारी किए है।

राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो औसत से 0.6 डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को दिल्ली के नजफगढ़ में तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जिससे यह देश का सबसे गर्म स्थान बन गया। मौसम विभाग ने कल भी दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहने, लू और तेज सतही हवाएं चलने का अनुमान व्यक्त किया है।

> *राजधानी* दिल्ली का मुंगेशपुर और नजफगढ़ क्रमशः 46.8 और 46.7 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म स्थान रहे। मौसम विभाग ने रविवार के लिए भी लाल चेतावनी जारी की है।
> *राजधानी* केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 248 रहा जो 'खराब' की श्रेणी में।

अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार लू की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब अधिकतम तापमान सामान्य तापमान से 4.5 डिग्री या इससे अधिक होता है और कम से कम 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 39 फीसदी था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 248 रहा जो 'खराब' की श्रेणी में आता है।

31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही एवं समाप्त वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों की विवरणी का सार

(करोड़ रूपए में)

क्र. सं.	विवरण	एकल					समेकित				
		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	
		31.03.2024	31.12.2023	31.03.2023	31.03.2024	31.03.2023	31.03.2024	31.12.2023	31.03.2023	31.03.2024	31.03.2023
		अंकेक्षित	अनंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अनंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालनों से कुल आय	1,651.55	1,697.02	1,717.43	8,404.92	9,316.34	1,888.14	2,055.50	2,028.77	9,632.16	10,607.40
2	कर पूर्व निवल लाभ (असाधारण मद पूर्व)	1,121.56	703.47	732.91	4,295.48	4,439.19	1,116.64	914.28	898.26	5,043.42	5,237.07
3	कर पूर्व निवल लाभ (असाधारण मद पश्चात)	1,121.56	703.47	732.91	4,295.48	4,439.19	1,116.64	914.28	898.26	5,043.42	5,237.07
4	निम्न को आरोप्य अवधि हेतु कर पश्चात निवल लाभ										
	- मूल कंपनी के स्वामी	697.76	546.13	569.47	3,743.94	3,833.79	549.81	491.90	656.73	3,624.42	3,903.31
	- अनियंत्रित ब्याज	-	-	-	-	-	61.12	136.54	88.54	403.59	357.52
5	निम्न को आरोप्य अवधि के लिए कुल व्यापक आय [लाभ एवं अन्य व्यापक आय (कर पश्चात)]:										
	- मूल कंपनी के स्वामी	586.69	598.00	541.24	3,718.98	3,830.42	438.80	543.56	628.39	3,598.89	3,899.11
	- अनियंत्रित ब्याज	-	-	-	-	-	61.17	136.34	88.42	403.04	356.71
6	प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- रुपए प्रत्येक)	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03
7	पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर अन्य इक्विटि	27,223.58	28,043.19	25,362.93	27,223.58	25,362.93	28,657.41	29,623.41	26,915.64	28,657.41	26,915.64
8	निवल मूल्य	37,268.61	38,088.22	35,407.96	37,268.61	35,407.96	38,702.44	39,668.44	36,960.67	38,702.44	36,960.67
9	प्रदत्त ऋण पूंजी	31,431.33	30,016.83	30,171.63	31,431.33	30,171.63	34,578.00	32,521.91	31,557.04	34,578.00	31,557.04
10	ऋण इक्विटी अनुपात	0.84	0.79	0.85	0.84	0.85	0.89	0.82	0.85	0.89	0.85
11	प्रति शेयर आय (मूल और डायल्यूटेड) - (गैर-वार्षिकी) (अंकित मूल्य 10/- रुपए प्रत्येक)										
	- विनियामक आस्थगित लेखा शेष में गतिशीलता से पूर्व (₹ में)	0.53	0.52	0.35	3.49	3.96	0.36	0.40	0.43	3.21	3.90
	- विनियामक आस्थगित लेखा शेष में गतिशीलता के पश्चात् (₹ में)	0.69	0.54	0.57	3.73	3.82	0.55	0.49	0.65	3.61	3.89
12	पूंजी विमोचन आरक्षित	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71
13	डिबेंचर (बॉन्ड) विमोचन आरक्षित	950.61	1,129.30	1,129.30	950.61	1,129.30	950.61	1,129.30	1,129.30	950.61	1,129.30
14	ऋण सेवा कवरेज अनुपात (डीएससीआर)	2.32	2.27	2.24	3.16	4.05	2.17	2.47	2.44	3.41	4.28
15	ब्याज सेवा कवरेज अनुपात (आईएससीआर)	7.55	6.16	6.02	8.63	8.21	7.19	7.04	7.32	9.57	9.01
16	प्रतिभूति प्रीमियम खाता	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-

नोट :

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 एवं 52 के अंतर्गत स्टॉक एक्स्चेंजेज में दाखिल वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। इन वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट : www.nseindia.com और www.bseindia.com पर एवं कंपनी की वेबसाइट : www.nhpcindia.com पर उपलब्ध है।
2. आवश्यक्तानुसार पिछली अवधि के आंकड़े पुनर्समूहित/पुनः व्यवस्थित/पुनः वर्गीकृत/दोहराये गए हैं।

एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से
हस्ता/-
(राजेन्द्र प्रसाद गोयल)
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ
डीआईएन-08645380

स्थानः फ़रीदाबाद
दिनांकः 17 मई, 2024

एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
सीआईएनः L40101HR1975GOI032564
सेक्टर-33, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा) भारत

महत्वपूर्ण सूचनाः शेयरधारकों से अनुरोध है कि कंपनी से संबन्धित सूचनाएँ इलेक्ट्रोनिक माध्यम से प्राप्त करने के लिए कृपया अपने संबन्धित डिपॉज़िटरी प्रतिभागी/कंपनी के पास अपना ई-मेल पता अपडेट करने का कष्ट करें।

@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited